कुलपति ने गोपेश्वर कैंपस का किया निरीक्षण

छात्रों और शिक्षकों से अलग-अलग हुए रुबरु

अमर हिन्दुस्तान

उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर ओंकार सिंह ने विश्वविद्यालय के गोपेश्वर कैंपस इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी का किया औचक निरीक्षण। कुलपति ने कैंपस में कक्षाओं में जा कर सीधे छात्रों से शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी ली। छात्रों की प्रयोगशालाओं के समुचित संचालन की समीक्षा के दौरान सभी शिक्षकों को निर्धारित प्रयोगों से ज्यादा प्रयोग कराने और experiential learning हेतु समाजोपयोगी अल्प कालीन प्रोजेक्ट कराए जाने की अपेक्षा शिक्षकों और छात्रों से की। कुलपति द्वारा पृथक से संस्थान सभागार में छात्रों से संकलित रूप से सीधे विमर्श किया गया एवं अध्यनरत छात्र-छात्राओं से उनकी कठिनाइयों तथा समाधान पर विस्तृत संवाद किया गया। साथ ही शिक्षकों से अलग से संस्थान मे अकादमिक गतिविधियों में आने वाली बाधाओं और समस्याओं को लेकर वार्ता कर फीडबैक लिया। कुलपति द्वारा गोपेश्वर परिसर से विश्वद्यालय द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का समुचित लाभ छात्रों को दिलाने की अपेक्षा की गई।कुलपति ने छात्र-छात्राओं व शिक्षकों से वार्ता के दौरान मिली खामियों को सुधारने के निर्देश संस्थान को दिए गए हैं। छात्रों की मांग पर तत्काल कैंटीन सुविधा, छात्रावास, तथा ट्रांसपोर्ट की उपलब्धता बाबत अग्रिम कार्यवाही करने की अपेक्षा की गई।